समाचार

24 अप्रैल को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 23 अप्रैल 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट रविवार 24 अप्रैल को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अप्रैल रविवार को वार्ड क्र. 08 इमलीडुग्गू स्कूल के पास, वार्ड क्र. 12 रेलवे कालोनी, वार्ड क्र. 31 पुलिस कालोनी जिला जेल, वार्ड क्र. 37 भदरापारा अंबेडकर चौक, वार्ड क्र. 45 स्याहीमुड़ी गांधी चौक, वार्ड क्र. 53 प्रगतिनगर काशीपारा, वार्ड क्र. 60 धरमपुर, वार्ड क्र. 67 बांधापारा आंगनबाड़ी केन्द्र के पास कैम्प लगाए जाएंगे।